# स्वास्थ्य देखभाल

९६ बिस्तरों की क्षमता वाला यह अस्पताल १९२६ में स्थापित किया गया। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अब इसकी क्षमता १२०० बिस्तरों वाला हो गया है। यह पूर्वांचल का एक मात्र चिकित्सालय है जहाँ पर सम्पूर्ण पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मध्य प्रदेश एवं पड़ोसी देश नेपाल के रेफरल रोगी आते हैं। यह अस्पताल लगभग २० करोड़ जनसंख्या को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराता है।

चिकित्सा विज्ञान संस्थान में एक ही छत के नीचे आयुर्वेद एवं आधुनिक चिकित्सा द्वारा दो विधाओं की चिकित्सा पद्धतियों से जनता की सेवा की जाती है। अभी हाल में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत एक अलग प्रखण्ड निर्माणाधीन है जो ट्रामा रोगियों के लिए समर्पित है, जो शीघ्र ही बनकर तैयार हो जायेगा। यहाँ पर ४४ क्लीनिक एवं ओपीडी, ५१ अन्तरंग वार्ड्स हैं। अस्पताल में १००० बिस्तर, आधुनिक चिकित्सा में तथा १८६ बिस्तर आयुर्वेद प्रखण्ड में इसके साथ २२ ऑपरेशन थिएटर और आधुनिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद में अलग से प्रसव कक्ष हैं। अस्पताल शिक्षण, प्रशिक्षण और सेवा उपलब्ध कराने में प्रयुक्त होने वाली क्लीनिकल सामग्री के मामले में बहुत समृद्ध है। अस्पताल के पास योग्य एवं अनुभव प्राप्त चिकित्सकों की टीम है। अस्पताल में अत्याधुनिक समकालीन नैदानिक सुविधाओं एवं विशेष निदान सुविधा के साथ चिकित्सा एवं सर्जरी विधा में विशेष विशेषज्ञता वाली सुविधाएं उपलब्ध है। यहाँ पर आपातकालीन सेवाएं, जाँच सुविधा, दवा की दुकान और सी.टी. स्कैन की सेवाएं २४ घण्टे उपलब्ध है।

विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष क्लीनिक चलाए जा रहे है-

वेल बेबी क्लीनिक, टीकाकरण केन्द्र, जेरियाट्रिक क्लीनिक, डि-एडिक्शन क्लीनिक, उण्ड क्लीनिक, डाट्स क्लीनिक, एडालसेन्ट एण्ड मेनोपाजल क्लीनिक, हेमैटोलाजी क्लीनिक, ग्लूकोमा क्लीनिक, क्षार सूत्र क्लीनिक, ए आर टी क्लीनिक, पोस्टपार्टम क्लीनिक, डायबेटिक काम्पलीकेशन क्लीनिक, पेडियाट्रिक हेमैटोलाजी, आकोलाजी यूनिट एवं थैलेसीमिया डे केयर यूनिट, रिमैटोलाजी, रिमैटोलाजी क्लीनिक एण्ड डायबेटिक क्लीनिक।

अस्पताल अनेक विशिष्ट थीरैप्यूटिक एवं नैदानिक सुविधाओं के साथ लैस है जैसे- कैंसर रोगियों के लिए रेडियोथिरेपी सेवाएं, किडनी फेल में हेमोडायलिसिस, पथरी रोग के लिए लीथोट्रिप्सी सेवाएं, १६ बिस्तरों वाला आधुनिक आई.सी.यू. यूनिट, कार्डियक पेस मेकर लैब, नियोनेटोलाजी/नियोनेटल सर्जरी आई.सी.यू., दन्त रोग इकाई, फिजियोथिरेपी एवं रिहैविलिटेशन यूनिट, पेडियाट्रिक आई.सी.यू., इण्डोस्कोपी एवं पेडियाट्रिक यूरोलाजी यूनिट, पेडियाट्रिक आई.सी.यू., सर्जिकल आंकोलाजी में लेजर ओ.टी., न्यूरो नेवीगेशन सिस्टम, न्यूरोइण्डोस्कोपी, ए.आर.टी. सेन्टर, पोस्टपार्टम प्रोग्राम, आयुर्वेदिक पंचकर्म थिरेपी एवं लीच थिरेपी, नेत्र कोष एवं कार्निया ट्रान्सप्लान्ट यूनिट आदि।

**अस्पताल के आँकड़े**

सत्र २०११ में अस्पताल के आँकड़े इस प्रकार हैं : कुल बहिरंग रोगी संख्या- १०२९९९५, कुल एडमिशन संख्या - ४९ ७६५, कुल आपरेशन संख्या-२७१४१, कुल जन्म संख्या - २४५४, कुल मृत्यु संख्या - २८००, आपातकालीन बहिरंग उपस्थिति- ८३८०४, कुल जाँच संख्या- १०२१०५९, कुल स्वयंसेवी रक्तदान - १६८९, कुल रक्त के स्थान पर रक्तदान - ४३८०, कुल संख्या एम एल सी - ६८७, कुल संख्या आई.सी.यू. में एडमिशन -१००८।

**विकासपरक कार्य :** १. कैश कलेक्शन एवं रजिस्ट्रेशन काउण्टर के लिए अलग भवन। २. श्री श्यामलाल भुवालका आई आपरेशन थिएटर का निर्माण। ३. स्पेशल वार्ड के ए और बी प्रखण्ड का मरम्मत व जीर्णोद्धार। ४. ए आर टी सेन्टर का निर्माण।
५. स्वागत एवं पूछताछ केन्द्र की स्थापना। ६. आयुर्वेद भवन के फर्श का जीर्णोद्धार। ७. दन्त विज्ञान के बहिरंग का विस्तार व जीर्णोद्धार। ८. नये शवशाला के लिए कमरे का निर्माण। ९. आपातकालीन चिकित्सा में नये आपातकालीन वार्ड एवं एम.डी.आर.टी.बी. वार्ड का निर्माण। १०. फोरेन्सिक चिकित्सा एवं एनाटामी विभाग के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मानक शवशाला का निर्माण। ११. रोगियों के परिचरों के लिए सर सुन्दरलाल चिकित्सालय के भूतल का जीर्णोद्धार।

हमें गर्व है कि अस्पताल ने क्षेत्रीय लोगों की इच्छा एवं आशा के अनुरूप अपना सर्वोत्तम योगदान दिया और उसे पूरा कर उनका विश्वास प्राप्त किया। हम वादा करते हैं कि अस्पताल भविष्य में भी सर्वोत्तम सेवाएं उपलब्ध करायेगा।

**विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य निगरानी संकुल**

विश्वविद्यालय के पास सभी छात्रावासी छात्रों और नगर में निवास करने वाले छात्रों के लिए एक सशक्त और बहुआयामी स्वास्थ्य निगरानी सेवा प्रणाली उपलब्ध है। छात्रों के स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाओं के लिए एक स्वतंत्र ईकाई जिसका नाम ''यूनिवर्सिटी स्टूडेण्ट हेल्थकेयर कॉम्प्लेक्स'' है, जो विश्वविद्यालय परिसर के लगभग मध्य भाग में छात्रावास मार्ग पर स्थित है। इसके माध्यम से छात्रों को सेवायें प्रदान की जाती है। वस्तुतः यह विभिन्न चिकित्सा विषयों में स्नातकोत्तर योग्यता वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से छात्रों के स्वास्थ्य की देखरेख की जाती है। यह व्यवस्था मुख्य चिकित्साधिकारी की निगरानी एवं प्रशासकीय नियंत्रण में प्रशिक्षित एवं

समर्पित पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से पूरी की जाती है।

विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य निगरानी संकुल में समस्त छात्रों को कार्य दिवस के बुधवार को छोड़कर क्लिनिकल सेवायें प्रदान की जाती है। अवकाश की अवधि में ये सेवायें एस.एस. हॉस्पिटल के अनुसार संचालित की जाती है। सभी छात्रों को बहुआयामी स्वास्थ्य सुविधायें बहिरंग और अन्तरंग रोगियों के रूप में प्रदान की जाती है। जिसमें शल्य विधियाँ, उच्चस्तरीय जॉच जैसे एम आर आई, सी.टी. स्केन, इसीजी इत्यादि हैं। सन्दर्भित चिकित्सा निःशुल्क की जाती है। प्रत्येक छात्र से उनकी चिकित्सीय निगरानी के निमित्त स्टूडेन्ट हेल्थ वेलफेयर स्कीम के अन्तर्गत वार्षिक शुल्क के रूप में मात्र रु.३५०/- लिया जाता है।

विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य निगरानी संकुल का मुख्य इकाई और कार्यालय विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में स्थित है। इसके साथ ही दक्षिणी परिसर के छात्रों के लिए रा०गा०द० परिसर, बरकछा में एक छोटा डिस्पेन्सरी इकाई और शिक्षा संकाय के छात्रों के लिए कमच्छा (नगर में) स्थित है।

**विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य निगरानी संकुल में उपलब्ध सेवाये/सुविधायेंः**

**१. नैदानिकी सेवायें-**

(क) सामान्य बहिरंग रोगी परामर्श
(ख) डे केयर सेन्टर
(ग) शल्य सेवायें
(घ) आर्थोपेडिक सेवायें
(ड.) श्वसन क्लीनिक
(च) विशिष्ट चिकित्सा परामर्श
(छ) शल्य कक्ष चिकित्सा सेवायें
(ज) फार्मेसी सेवायें
(झ) ड्रेसिंग सेवायें
(ञ) इंजेक्शन और टीकाकरण सेवायें
(ट) दंत नैदानिक
(ठ) सेन्टर ऑफ क्लीनिकल इन्वेस्टिगेशन
(ड) होमियोपैथी क्लीनिक

**अन्य सेवायें**

(क) चिकित्सा प्रमाण पत्र
(ख) आपातकालीन दवाओं का स्थानीय क्रय
(ग) अन्तरंग चिकित्सा मांग प्रतिपूर्ति

डे केयर सेन्टर
(ग) शल्य सेवायें
(घ) आर्थोपेडिक सेवायें
(ड़) अन्य विश्वविद्यालयी घटनाओं/स्पोर्ट्स के नैदानिक

**२.** जून २३, २०१२ को माननीय कुलपति डॉ.लालजी सिंह जी ने संकुल में डिजिटल एक्सरे यूनिट का उद्घाटन किया।

**भविष्य की योजनायें**

१. स्वास्थ्य शिक्षा
३. मनोचिकित्सा परामर्श/तनाव प्रबंधन क्लीनिक
६. अन्तरंग सुविधा (४० बिस्तरों का आइसोलेशन वार्ड)

**विश्वविद्यालय कर्मचारी स्वास्थ्य निगरानी संकुल उपलब्ध सेवायें**

**सुविधायें**

१. क्लीनिकल सेवायें : प्रातः ८.०० बजे से अपराह्न २.३० बजे तक
(क) सामान्य बहिरंग रोगी परामर्श
(ख) शल्य परामर्श

(ग) आर्थोपेडिक सेवायें
(घ) विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श
(ड.) फार्मेसी सेवायें
(च) ड्रेसिंग सेवायें
(छ) इंजेक्शन व टीकाकरण सेवायें
(ज) चिकित्सा प्रमाण पत्र
(झ) चिकित्सा दावा प्रतिपूर्ति (अनतरंग व वहिरंग रोगी)
(ञ) रक्त एवं मूत्र इत्यादि परीक्षण
(ट) नियमित/पेंसनर/फेमिली पेंसन इत्यादि के लिए स्वास्थ पुस्तिका
(ठ) कर्मचारियों के अवकाश प्राप्ति के बाद यू ई एच सी सी से सम्बन्धित नोड्यूज प्रमाण पत्र

२. वार्षिक बहिरंग रोगी उपस्थिति - १.७ लाख (लगभग)